NAVODYA TIMES, Delhi, 18.1.2023
Page No. 12, Size:(19.98)cms X (12.69)cms.

# विंडफॉल टैक्स में कटौती, तेल कंपनियों को होगा फायदा

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी): केंद्र सरकार ने एक बार फिर विंडफॉल टैक्स (अप्रत्याशित लाभ कर) में कटौती की है। कच्चे तेल, डीजल और जैट फ्यूल पर विंडफॉल टैक्स को घटाया गया है। घरेलू बाजार में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 200 रुपए प्रति टन घटाकर 1900 रुपए प्रति टन कर दिया गया है पहले ये 2100 रुपए प्रति टन था। वहीं जैट फ्यूल (ए.टी.एफ.) पर 1 रुपए प्रति लीटर की कटौती की है। अब ए.टी.एफ. 3.5 रुपए प्रति लीटर हो गया है पहले इसका दाम 4.5 रुपए प्रति लीटर था। डीजल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में डेढ़ रुपए की कटौती की गई है। अब ये 6.5 रुपए प्रति लीटर से घटकर 5 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पैट्रोल पर किसी तरह का टैक्स नहीं लगेगा। पहले भी पैट्रोल निर्यात पर किसी तरह का टैक्स नहीं लगता था। विंडफॉल टैक्स घटने से तेल कंपनियों को फायदा होगा। आज रिलायंस, ओ.एन.जी.सी., गेल इंडिया, ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों के स्टॉक में एक्शन दिख सकता है।




## इससे पहले भी बढ़ाया गया था विंडफॉल टैक्स

इससे पहले 2 जनवरी को विंडफॉल टैक्स में प्रति टन के हिसाब से 400 रुपए की बढ़त की गई थी। यानी घरेलू स्तर उत्पादित हुए कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 1700 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 2100 रुपए प्रति टन कर दिया गया था। वहीं डीजल एक्सपोर्ट पर 1.5 रुपए की बढ़ौतरी हुई थी, पहले ये ड्यूटी 5 रुपए की लगती थी, जिसे बढ़ाकर 6.5 रुपए कर दिया गया। इसके अलावा ए.टी.एफ. पर इसे 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ाया गया था।

## क्या होता है विंडफॉल टैक्स

विंडफॉल टैक्स ऐसी कंपनियों या इंडस्ट्री पर लगाया जाता है, जिन्हें किसी खास तरह की परिस्थितियों में इमिडिएट रूप से काफी लाभ होता है। भारत की तेल कंपनियां इसका अच्छा उदाहरण हैं।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया। इससे तेल कंपनियों को काफी फायदा मिला था। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण तेल कंपनियां भारी मुनाफा काट रही थीं, इसलिए उन पर विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। भारत ही नहीं इटली और यू.के. ने भी अपनी एनर्जी कंपनियों पर यह टैक्स लगाया था।

## पैट्रोल-डीजल की ताजा कीमत

देश में हर सुबह 6 बजे तेल कंपनियां पैट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन करती हैं। दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई और कोलकाता में तेल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, लखनऊ में आज पैट्रोल 13 पैसे और डीजल 12 पैसे महंगा हुआ। वहीं, अहमदाबाद में पैट्रोल की कीमत 14 पैसे और डीजल की कीमत 13 पैसे बढ़ी है।